कैम्प में 976 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

शक्तिरानी शर्मा ने किया कैम्प का उद्घाटन, नि:शुल्क हैल्थ कैम्प आयोजित

विशाल मैडीकल कैम्प में नेत्र विशेषज्ञ व दंत विशेषज्ञ मरीजों की जांच करते हुए। (ललित)

शिविर में रोगियों का हालचाल.पूछती शक्तिरानी शर्मा। (ललित)

अम्बाला शहर, 9 अक्तूबर (रीटा): मुलाना मैडीकल कालेज तथा नि...

देवी मैमोरियल/चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को लगाए गए नि:शुल्क हैल्थ कैम्प में डाक्टरों द्वारा 976 मरीजों की जांच की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पी.सी. शर्मा व उनकी टीम ने 478 लोगों की आंखों का चैकअप किया जिनमें से मोतियाबिंद के 55 रोगियों के ऑप्रेशन सोसायटी की ओर से डा. शर्मा के अस्पताल में मुफ्त किए जाएंगे।

शिविर में आए ऐसे 280 लोगों को सोसायटी की ओर से मुफ्त चश्मे भी प्रदान किए गए, जिनकी नजर कमजोर थी। दंत रोग विशेषज्ञ डा. सत्री सिंह आहलूवालिया की टीम ने 120 लोगों के दांतों की जांच की गई। रेहड़ी ट्रांसप... दांतों ... प्लग ल...

शिविर में विभिन्न मरीजों को जांचा

शिविर में मुलाना मैडीकल कालेज से आए नाक, कान, गला विशेषज्ञ डा. सनाह, बाल रोग विशेषज्ञ गुरदीप सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ निधि, सामान्य सर्जन डा. सचिन सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ रविन्द्र सिंह द्वारा 450 मरीजों की जांच की गई तथा सभी को सोसायटी की ओर से मुफ्त दवाइयां दी गईं। इस अवसर पर लगाए गए नशा मुक्ति केंद्र में 20 रोगियों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गईं। शिविर में 120 से अधिक रोगियों के खून, पेशाब की जांच, 40 रोगियों की क्षय रोग तथा 8 लोगों की ई.सी.जी. भी मुलाना से आए रेडियोलोजिस्ट लालचंद द्वारा की गई जिसमें से 3 की रिपोर्ट ठीक नहीं थी। शिविर का उद्घाटन बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा ने करते हुए कहा कि अम्बाला हैल्थकेयर एवं वैल्फेयर सोसायटी का गठन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के मकसद से किया गया। वहीं ए.डी.सी. डा. एस.एस. फूलिया से कहा कि वे शिक्षा, खेल, पंचायत व अन्य विभागों के सहयोग से ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए गांव, ब्लाक तथा जिला स्तर पर खेल, भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद व अन्य प्रतियोगिताएं कराई जिसके लिए सोसायटी पूर्ण सहयोग देगी। ...री सचिव एस.डी. गौतम ने ... संस्था गैर राजनीतिक